p>

Title: .

श्री विजय कुमार (गया): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, पूरे देश में पीडीएस विक्रेताओं को जो कमीशन मिलता है, वह बहुत कम है । उस कमीशन की जगह पर उन्हें मानदेय दिया जाए । कोरोना वारियर्स की तरह उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है । माननीय प्रधान मंत्री जी की जो सोच थी, उस पर उन्होंने अच्छा काम किया और अच्छा रिजल्ट भी मिला ।

महोदय, हम आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करते हैं कि उन्हें मानदेय दिया जाए । इसके साथ ही साथ, उन्हें जो चार-पाँच किलो सामान वजन करने के लिए दिया जाता है, उसकी जगह पर उन्हें पैकेट्स दिए जाएं क्योंकि भ्रष्टाचार के कारण बदनामी होती है । ऐसा करने से सरकार की बदनामी नहीं होगी, पीडीएस दुकानदारों की बदनामी नहीं होगी और लाभार्थियों के लिए उसे तौलने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी । इसमें कम-ज्यादा का सवाल नहीं होगा । इसलिए उन्हें मानदेय दिया जाए ।